उत्तराखण्ड सरकार

जिला सूचना अधिकारी कार्यालय उत्तरकाशी

गंगोत्री भवन, जिला कार्यालय परिसर

ई–मेल -dinfouki@gmail.com दूरभाष :– 01374–222213 / फैक्स–222213

प्रेस नोट

उत्तरकाशी 6 सितम्बर, 2025 (सूचना)

नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में शनिवार को जिला पंचायत की प्रथम बैठक आयोजित हुई। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में नव निर्वाचित सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा परिचय सत्र के साथ–साथ जनपद में चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को संविधानिक व्यवस्था में स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि जब आप निर्वाचित होकर संवैधानिक व्यवस्था से जुड़ते हैं तो पक्ष–विपक्ष का भेद समाप्त हो जाता है। जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी सदस्यों से अपेक्षा करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के साथ जिले स्तर पर समावेशी विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं और सभी के साथ समान व्यवहार करते हुए जनसमस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत की विभिन्न समितियों के गठन के भी निर्देश दिए, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में गति लाई जा सके।

जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान ने प्रथम बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं नव निर्वाचित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनपद की भौगोलिक एवं आपदा की दृष्टि से संवेदनशीलता का उल्लेख करते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के मध्य नियमित संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने पर जोर दिया।

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंशिका जगूड़ी,नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यगण,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बी.एस. रावत, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पी.एस. पोखरियाल,परियोजना निदेशक अजय सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।